Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No.	03
Date	19th August 2016

NBT नवभारत टाइम्स

उत्साह के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार

स्पेशल बच्चों के लिए स्पेशल राखी प्रोग्राम का आयोजन

■ एनबीटी न्यूज, गुड़गांव

प्रेम और उत्साह के साथ गुरुवार को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। बाजारों से लेकर मॉल्स में पूरे दिन रौनक देखने को मिली। इस मौके पर स्पेशल चाइल्ड ने अपने हाथों से राखियां बनाई और रक्षासूत्र का यह त्यौहार मनाया। गुड़गांव के डैफ एंड डंब स्कूल में बच्चों के साथ डीसी ने भी इस दिन की खुशियां बांटी और इन बच्चियों से राखियां बंधवाई। बच्चों ने खुद अपने हाथों से बनाई राखियां स्कूल के स्टाफ और अपने सहपाठियों को भी बांधी।

ये बच्चियां भले ही बोल या सुन नहीं सकती थीं मगर ये आम लोगों से कम नहीं दिखीं। इसका अंदाजा इन खूबसूरत राखियों को देख कर लगाया जा सकता था। बाजारों में मिलने वाली राखियों से भी कई गुना बेहतर ये राखियां इन बच्चियों ने अपने हाथों से बनाई हैं। इन दिव्यांग बच्चों ने 500 से ज्यादा राखियां बनाई हैं और इसमें इनकी मदद की स्कूल की ही टीचर्स ने। डैफ एंड डंब स्कूल की टीचर सुमन का कहना हैं कि ये बच्चियां बेहद हुनरमंद हैं।

Sudarshan

स्पेशल बच्चों ने भी मनाया रक्षाबंधन

जमकर हुई खरीदारी

रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाईयों के साथ बाजारों में खरीदारी करने भी पहुंची। गिफ्ट्स शॉप, मॉल्स, मिठाई की दुकानों में खरीदारी करने वालों की ज्यादा भीड़ रही। सदर बाजार के अलावा सेक्टर-14 मार्केट, कुतुब प्लाजा, केंद्रीय विहार, हांगकांग बाजार, गलेरिया मार्केट व मॉल्स आदि में भी ऐसा ही नजारा था। वहीं बस स्टैंड, रेलवे और मैट्रो में भी काफी भीड़-भाड़ देखने को मिली। सुबह से शाम तक बहनों के लिए रोडवेज की ओर से फ्री सर्विस सेवा रही।

राखी मेले का आयोजन

रक्षाबंधनके पावन त्यौहार के अवसर पर वाटिका इन्वायरो ने वाटिका सिटी में राखी मेले का आयोजन किया। इस मेले में राखी और गिफ्ट्स आइटम का एक विस्तृत कलेक्शन भी दिखा। मेले की खास बात यह रही कि इसमें बच्चों के लिए एक 'किड जोन' था जिसमें बच्चों ने खेलों का लुफ्त उठाया। साथ ही इस मेले में कई एक्टिविटी भी करवाई गईं।

Publication	Hindustan
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No.	03
Date	19th August 2016

हिन्दुस्तान

बहनों से राखी बंधवा भाइयों के चेहरे खिले

गुरुवार को रक्षा बंधन का त्यौहार उल्लास के साथ मना। बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगा कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाईयों ने भी उपहार और आशीर्वाद प्रदान कर बहनों का जीवन भर सुख दुख में साथ देने का वायदा किया। शहर के माल, रेस्टोरेंट्स और होटल में भी खासी रौनक रही। सुबह सुबह लोग मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भी पहुंचे।

कई स्थानों पर सार्वजनिक आयोजन भी हुए। शहर के पुराने रेलवे रोड स्थित प्रेम मंदिर में बकायदा रक्षा बंधन के अवसर पर मेला लगाया गया। इस मेले में काफी संख्या में लोग शामिल हुए और एक दूसरे को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए मंदिर में पूजा अर्चना भी की। उधर बुधवार की रात वाटिका इन्वायरो सिटी में राखी मेला आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और मेले का आनंद लिया। यहां लोगों ने खाने पीने के व्यंजन का स्वाद लिया ही। भाइयों और बहनों को देने के लिए उपहार भी खरीदे। गुरुवार को शीतला माता मंदिर में भी काफी संख्या में लोग पहुंचे। डाक विभाग से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक देश भर से कोरियर और सामान्य डाक से आई राखियों को अवकाश के बावजूद गुरुवार को भी डिलेवर कराया गया ताकि बहनों को भाई की कलाई के लिए प्रेषित किया गया प्यार उन्हें मिल सके।

राखी के लेकर भाई इतने उत्साहित थे कि वे तड़के से ही इसकी तैयारी करने लगे। एक दिन पहले से भाइयों ने अपनी बहनों के अपहार खरीद लिए थे।

Publication	Dainik Bhaskar
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No.	02
Date	19th August 2016

दैनिक भास्कर

रक्षाबंधन पर लगे राखी मेले में बच्चों ने की मस्ती

भास्कर न्यूज | गुड़गांव

रक्षाबंधन के पावन त्योहार के अवसर पर गुरुवार को सेक्टर-49 वाटिका सिटी सोसायटी के निवासियों ने 'राखी मेले' का आयोजन किया। इस मेले में राखी व अन्य गिफ्ट आइटम के नए-नए कलेक्शन प्रस्तुत किए गए। साथ ही घर की साज-सज्जा के लिए विभिन्न तरह के सामान भी मेले में रखे गए। मेले में करीब 50 स्टॉल लगाए गए। मेले की ख़ास बात यह थी की इसमें बच्चों के लिए एक 'किड जोन' बनाया गया, जिसमें बच्चों ने खेलों का लुत्फ उठाया और खाने-पीने के लिए कई स्टॉल खाद्य पदार्थ के भी लगाए गए।

Publication	Amar Ujala
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No.	04
Date	19th August 2016

अमर उजाला

राखी मेले में दिखी रौनक

गुड़गांव। रक्षाबंधन को लेकर बृहस्पतिवार को वाटिका इन्वायर ने वाटिका सिटी में राखी मेले का आयोजन किया। इसमें राखी और गिफ्ट आइटम का एक विस्तृत कलेक्शन प्रस्तुत किया गया। साथ ही घर की साज-सज्जा से जुड़े विभिन्न प्रकार के सामान भी मौजूद थे। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।